राजस्थान सरकार

चिकित्सा शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग

क्रमांक प. 08(04)एम.ई./ग्रुप–1/2022–03912 जयपुर, दिनांकः यथा हस्ताक्षरित

## आदेश

राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी (राजमेस) द्वारा संचालित चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस के लिए एनआरआई कोटे की सीटों की फीस में एकरूपता रखते हुए शैक्षणिक सत्र 2025–26 में प्रवेश ले रहे विद्यार्थियों की वार्षिक ट्यूशन फीस मैनेजमेंट कोटे की फीस 9,57,191/– रूपये से 2.5 गुना करते हुए फीस 23,92,978/– रूपये का निर्धारण किया जाता है।

मैनेजमेंट कोटे की फीस में प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि होती है, तो एनआरआई कोटे की फीस भी स्वतः 5 प्रतिशत बढ़ जाएगी।

एनआरआई कोटा सीटो के लिए शुल्क राजमेस कॉलेजों के प्रबंधन कोटा शुल्क में प्रत्येक संशोधन के साथ संशोधित किया जाएगा, यह शुल्क भारतीय रूपये में लिया जाएगा।

विभागीय आदेश दिनांक 10.09.2020 की शेष शर्तें यथावत लागू रहेगी।

यह स्वीकृति मंत्रिमण्डल आज्ञा सं. 120/2025 दिनांक 23.09.2025 के अनुसरण में जारी की जाती है।

वे विद्यार्थी जिन्होंने प्रथम एवं द्वितीय चरण की काउंसलिंग में पूर्व निर्धारित (अधिक) शुल्क पर प्रवेश लिया है, उनकी अतिरिक्त राशि अगले शैक्षणिक सत्र की फीस में समायोजित कर दी जाएगी।

राजकीय मेडिकल कॉलेजो तथा आर.यू.एच.एस. मेडिकल कॉलेज में एनआरआई कोटे की फीस चिकित्सा शिक्षा ग्रुप–1 विभाग के आदेश दिनांक 10.09.2020 के अनुसार यथावत रहेगी।

आज्ञा से,

(शिवशंकर अग्रवाल)
शासन उप सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. विशिष्ठ सहायक, माननीय मंत्री, चिकित्सा शिक्षा विभाग राज. जयपुर।
3. उप सचिव, शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग राज. जयपुर।
4. आयुक्त, निदेशालय चिकित्सा शिक्षा, जयपुर।
5. निदेशक, राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी, जयपुर।
6. वित्तीय सलाहकार, निदेशालय चिकित्सा शिक्षा, जयपुर।
7. वित्तीय सलाहकार, राजस्थान मेडिकल एजुकेशन सोसायटी, जयपुर।
8. समस्त प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक, राजकीय मेडिकल कॉलेज, राजस्थान।
9. समस्त प्रधानाचार्य, राजमेस संचालित चिकित्सा महाविद्यालय, राजस्थान।
10. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, चिकित्सा शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग।
11. नोडल ऑफिसर, वेबसाइट निदेशालय चिकित्सा शिक्षा विभाग।
12. जन संपर्क अधिकारी, निदेशालय चिकित्सा शिक्षा विभाग।
13. रक्षित पत्रावली।

Signature valid

Digitally signed by Shiv Shankar Agrawal
Designation : Deputy Secretary
Date: 2025.09.28 11:30:35 IST
Reason: Approved

उप सचिव

RajKaj Ref No.:
18040509